एक्वा लाइन : सुबह-शाम साढ़े 7 मिनट में मिलेगी मेट्रो

■ एनबीटी न्यूज, ग्रेटर नोएडा

एक्वा लाइन पर सोमवार से पीक आवर्स में हर 7:30 मिनट पर मेट्रो मिलेगी। पहले यह अंतराल 10 मिनट का था। इस रूट पर कल से मेट्रो ट्रेन की संख्या 10 से बढ़कर 13 हो जाएगी। यात्रियों की संख्या बढ़ाने के लिए एनएमआरसी ने आरडब्ल्यूए, कंपनियों और कॉलेजों मे मीटिंग शुरू कर दी है। एनएमआरसी के कार्यकारी निदेशक पी. डी. उपाध्याय ने शनिवार को बताया कि सोमवार से शुक्रवार तक पीक आवर्स में सुबह 8 से 11 बजे और शाम 5 से रात 8 बजे के बीच हर साढ़े सात मिनट के अंतराल में मेट्रो चलेगी। दोपहर 12 से 4 बजे के बीच 10 मिनट के अंतराल से चलेगी। ट्रेनों की संख्या बढ़ने और समय घटने से एक्वा लाइन रूट पर 58 फेरे बढ़ जाएंगे। अभी मेट्रो 163 फेरे प्रतिदिन लगा रही है। एनएमआरसी ने शनिवार को मेट्रो डिपो परिसर में एक सेमिनार किया। इसमें बताया गया कि जीबीयू के साथ एनएमआरसी मेट्रो रेल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में स्टूडेंट्स को इंटर्नशिप कराएगी।